डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या (उ0प्र0)

पत्रांक : लो0अ0वि0 / कु.स.का. / 2020–564 दिनांकः 13 मार्च, 2020

शीर्ष प्राथमिकता / महत्वपूर्ण

सेवा में,

1. प्राचार्य / प्राचार्या / केन्द्राध्यक्ष,
   डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या से सम्बद्व समस्त विश्वविद्यालय।
2. विभागाध्यक्ष / निदेशक / समन्वयक / प्रभारी,
   डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या, आवासीय परिसर।

विषयः उत्तर प्रदेश द्वारा राज्य विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों हेतु करोना वाइरस (**COVID-19**) से बचाव के सम्बन्ध में जारी परामर्श (एडवाइजरी) के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि करोना वाइरस (**COVID-19**) के फैलाव को रोकने के लिये प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा अनुभाग–3 द्वारा जारी पत्रांक 813 / सत्तर–3–2020–08(20) / 2020, दिनांक 13 मार्च, 2020 में वर्णित निर्देशों के अनुपालन में विश्वविद्यालय द्वारा निम्नलिखित निर्णय लिया गया है :–

1. विश्वविद्यालय से सम्बद्व समस्त महाविद्यालयों / विश्वविद्यालय परिसर स्थित समस्त शिक्षण संस्थानों में शिक्षण कार्य दिनांक 22 मार्च, 2020 तक स्थगित रहेगा।
2. विश्वविद्यालय से सम्बद्व समस्त महाविद्यालयों / विश्वविद्यालय परिसर स्थित समस्त शिक्षण संस्थानों की पूर्ण निर्धारित परीक्षाऍ यथावत् चलती रहेंगी।
3. विश्वविद्यालय से सम्बद्व समस्त महाविद्यालयों / विश्वविद्यालय परिसर स्थित समस्त शिक्षण संस्थानों में नयी / प्रस्तावित परीक्षाओं का आयोजन अगले आदेश तक स्थगित रखा जायेगा।
4. परीक्षा कराने से पूर्व कक्षाओं के डोर नॉब, स्विच तथा हैंड रेलिंग तथा मेज और कुर्सी को एल्कोहल युक्त सेनेटाइजर से साफ कराया जाय।
5. बाथरूम को साफ सुथरा रखा जाय तथा साबुन / एल्कोहल बेस्ड सेनेटाइजर एवं पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय।
6. कक्षा में टिशू पेपर रखें तथा यूज्ड टिशू पेपर को निस्तारित करने के लिये पेडल बिन वाले प्लास्टिक बैग कक्षाओं में रखें जाय।

शासन के उक्त निर्देशों के क्रम में सभी प्राचार्यो / केन्द्राध्यक्षों / विभागाध्यक्ष / निदेशक / समन्वयक / प्रभारियों को सूचित किया जाता है कि उक्त बिन्दुओं का कड़ाई से अनुपालन कराना सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(राम चन्द्र अवस्थी)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा अनुभाग–3, लखनऊ को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. जिलाधिकारी, अयोध्या।
3. समस्त अधिकारीगण।
4. प्रोग्रामर को इस आशय से प्रेषित कि इस सूचना को विश्वविद्यालय से सम्बद्व महाविद्यालयों की कालेज लागिन तथा विश्वविद्यालय आवासीय परिसर स्थित समस्त विभागों के लागिन पर सम्प्रेषण के साथ–साथ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी अपलोड कराने का कष्ट करें।
5. निजी सचिव, कुलपति को कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
6. आशुलिपिक, प्रति–कुलपति।
7. आशुलिपिक, वित्त अधिकारी।
8. पत्रावली।

(राम चन्द्र अवस्थी)
कुलसचिव